Sun Life Financial

# टोरंटो डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी स्वास्थ्य योजना

**पॉलिसी #017874**

## बीमा व्याप्ति संक्षिप्त विवरण

| | |
|---|---|
| **पात्रता** | टोरंटो डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी स्वास्थ्य योजना में एक अंतर्राष्ट्रीय छात्र के तौर पर भर्ती, एक वैध अध्ययन परमिट के साथ, पूर्णकालिक कक्षाओं में भाग लेते हुए और किसी प्रांतीय या क्षेत्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के अधीन बीमा व्याप्ति के पात्र न होते हुए। |
| **पूर्ववर्ती शर्तों पर अपवर्जन** | बीमा व्याप्ति के उन खर्चों के लिए लाभ का भुगतान नहीं किया जाता है जो किसी ऐसी बीमारी या चोट या चिकित्सा परिस्थिति से उत्पन्न हुए जहाँ चेतावनी संकेत या लक्षण बीमा व्याप्ति आरंभ होने से पहले 90 दिन की अवधि के दौरान प्रकट हुए या जिनके लिए चिकित्सा देखभाल या परामर्श, अस्पताल में भर्ती या उपचार (दवा या खुराक में परिवर्तन सहित) की आवश्यकता पड़ी। |
| **योग्य चिकित्सीय खर्च** | इस पॉलिसी में आवरित लाभ के लिए, इस योजना के तहत बीमाकृत होने के समय हुई किसी बीमारी या चोट के चिकित्सा उपचार के लिए आपको बीमा से सुरक्षित किया गया है। |
| **अधिकतम देयता** | बीमा व्याप्ति अवधि में 3 मिलियन डॉलर |

| आवरित खर्च | बीमा व्याप्ति की मुख्य बातें |
|---|---|
| • **अस्पताल में भर्ती** | भर्ती रोगी और बाहर के रोगियों के अस्पताल के शुल्क |
| • **नैदानिक सेवाएँ** | चिकित्सीय रूप से अनिवार्य होने पर नैदानिक, प्रयोगशाला परीक्षण और/या एक्स-रे |
| • **एंबुलेंस सेवाएँ** | निकटतम अस्पताल के लिए ज़मीन पर और हवाई एंबुलेंस |
| • **चिकित्सा उपकरण और विविध चिकित्सा** | बीमा से सुरक्षा जब देखभाल करने वाले चिकित्सक द्वारा बताया गया हो, जैसे बैसाखी, पलस्तर, व्हीलचेयर अस्थायी रूप से किराए पर लेना, आदि |
| • **कनाडा से बाहर इमरजेंसी** | 30-दिन की यात्रा तक, स्वदेश में कोई बीमा व्याप्ति नहीं |
| • **निजी ड्यूटी वाली नर्स** | बीमा व्याप्ति अवधि में 2,000 डॉलर |
| • **प्रतिरक्षण और टीकाकरण** | बीमा व्याप्ति अवधि में 150 डॉलर |
| • **तपेदिक के लिए परीक्षण और टीकाकरण** | 12 माह की खरीद के साथ 100 डॉलर की बीमा व्याप्ति अवधि |
| • **मनोरोग देखभाल (**भर्ती रोगी और बाहर के रोगी**)** | भर्ती रोगी और बाहर के रोगी की देखभाल के लिए बीमा व्याप्ति अवधि में 15,000 डॉलर |
| • **स्वदेश वापसी** | 10,000 डॉलर |
| • **चिकित्सा उपचार के लिए स्वदेश लौटना** | 5,000 डॉलर |

| आवरित खर्च | बीमा व्याप्ति की मुख्य बातें |
| --- | --- |
| • **इमरजेंसी हवाई परिवहन** | बीमा व्याप्ति अवधि में 250,000 डॉलर |
| • **परिवार के परिवहन का खर्च** | बीमा व्याप्ति अवधि में 5,000 डॉलर |
| • **दंत दुर्घटना** | प्रति दुर्घटना 4,000 डॉलर |
| • **दंत इमरजेंसी**<br>क. प्रभावित अक्ल दाढ़ को निकालना<br>ख. दर्द से राहत | क. प्रति दाँत 100 डॉलर<br>ख. बीमा व्याप्ति अवधि में 500 डॉलर |
| • **पैरामेडिकल सेवाएँ:**<br>हाड़ वैद्य, मालिश चिकित्सक, अस्थि चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट, भाषा चिकित्सक, काइरोपॉडिस्ट/पॉडियट्रिस्ट | बीमा व्याप्ति अवधि में सेवा के प्रत्येक वर्ग के लिए 600 डॉलर तक सीमित |
| • **मनोविज्ञानी** | बीमा व्याप्ति की अवधि में 600 डॉलर तक सीमित |
| • **पर्ची वाली दवाएं** | 60 दिन की आपूर्ति बीमा व्याप्ति की अवधि में 10,000 डॉलर |
| • **प्रसूति** | बीमा व्याप्ति की अवधि में प्रति गर्भावस्था 10,000 डॉलर |
| • **आँखों की जाँच** | 12 माह की योजना की खरीद के साथ बीमा व्याप्ति की अवधि में 100 डॉलर |
| • **वार्षिक चिकित्सा जाँच** | एक विज़िट, 12 माह की योजना की खरीद के साथ 150 डॉलर तक |
| • **ऑर्थोपेडिक जूते** | बीमा व्याप्ति अवधि में 200 डॉलर तक सीमित |
| • **परिवार के निकटतम सदस्य के लिए जीवन निर्वाह खर्च** | इमरजेंसी के बाद बीमा व्याप्ति अवधि में प्रति दिन 150 डॉलर से अधिकतम 1,500 डॉलर तक |

**ओएचआईपी द्वारा आवरित लाभ ओएचआईपी द्वारा फीस लेने पर लौटा दिए जाते हैं, अन्य सभी लाभ उचित और परंपरागत आधार पर लिए जाने वाले शुल्क पर लौटा दिए जाते हैं।**

**इस सूची में आपके लिए आवरित कुछ मुख्य लाभ शामिल हैं। लाभों की पूर्ण सूची और बीमा व्याप्ति के संपूर्ण नियम व शर्तों के लिए कृपया पॉलिसी #017874 देखें जिसे कनाडा की सन लाइफ अश्युरेंस कंपनी द्वारा जारी किया गया है।**
**कुछ लाभों के लिए हमारी या देखभाल करने वाले चिकित्सक की पूर्व-अनुमति की आवश्यकता है, और हमारे द्वारा किए जाने वाले भुगतान अधिकतम, अपवर्जनों और सीमाओं सहित पॉलिसी के सभी प्रावधानों के अधीन हैं। जोखिम भरी गतिविधियों में हिस्सा लेने और बिना उचित अनुमति कार्य करने से संबंधित पॉलिसी अपवर्जनों के कारण आपके लाभ कम हो सकते हैं।**

**बीमा व्याप्ति या दावों से संबंधित प्रश्नों के लिए, सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे पूर्वी समय के बीच कृपया 1-888-206-9004 पर कॉल करें। यदि आप अंग्रेज़ी के अलावा किसी अन्य भाषा में बात करना पसंद करते/करती हों, तब 100 से भी अधिक भाषाओं में अनुवाद सेवाएँ उपलब्ध हैं। आपको बस कॉल के आरंभ में सेवा के लिए पूछना होगा।**

Sun Life Financial

**लाइफ इज़ ब्राइटर अंडर द सन**